विषय :— राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की पाँचवी बैठक दिनांक 24.08.2007 का कार्यवाही विवरण।

मध्यप्रदेश उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना 2004 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की पाँचवी बैठक दिनांक 24/08/2007 प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य उद्योग और रोजगार विभाग की अध्यक्षता में संपन हुई। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों की सूची परिशिष्ट में संलग्न है। बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर निम्नानुसार चर्चा हुई एंव निर्णय लिये गये :—

1. एजेण्डा क्रमांक 1 के अनुसार समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 30/03/2007 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई ।

2. एजेण्डा क्रमांक 2 के अनुसार समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 30/03/2007 के पालन प्रतिवेदन के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया । समिति पालन प्रतिवेदन से अवगत हुई।

2.1 मध्य प्रदेश उद्योग निवेश संवर्धन योजना के अन्तर्गत शासन व्दारा जारी अपात्र उद्योगों की सूची में क्रमांक 46 पर दर्शित आइटम को विलोपित करने के संबंध में उद्योग संचालनालय व्दारा प्रेषित प्रस्ताव एवं ट्रायफेक व्दारा अपात्र उद्योगों की सूची में अन्य आइटम को विलोपित करने संबंधी प्रस्ताव को एकजाई रूप से तैयार कर शीर्ष स्तरीय (अपेक्स) निवेश संवर्धन साधिकार समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जावें।

3. एजेण्डा क्रमांक 3 में प्रस्तुत मेसर्स राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर जिला धार का मध्य प्रदेश उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना—2004 के अन्तर्गत पंजीयन प्रकरण में महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, पीथमपुर व्दारा उद्योग के स्थापित क्षमता एवं विस्तारित क्षमता के संबंध में प्रमाणीकरण इस शर्त पर किया जावें कि, इकाई को आवंटित भूमि की लीज डीड में टाइटल परिवर्तन संबंधी प्रकरण का निराकरण होने पर निवेश संवर्धन सहायता की सुविधा दी जावेगी ।

4. एजेंडा क्रमांक 4 में प्रस्तुत मेसर्स चारू एग्रो प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर का उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना—2004 के अन्तर्गत पंजीयन के संबंध में निर्णय किया गया कि महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, इन्दौर की अनुशंसा के आधार पर इकाई का योजनान्तर्गत पंजीयन किया जावें ।

5. एजेंडा क्रमांक 5 :— में प्रस्तुत मेसर्स सोनी इस्पात लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर का प्रथम वर्ष 2005—06 का क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया गया । महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, पीथमपुर जिला धार के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर इकाई के लिये योजनान्तर्गत स्थिर अस्थियों में पूँजी निवेश रूपये 25,76,96,000/— (रू. पच्चीस करोड़ छहतर लाख छयानवे हजार मात्र) की केपिंग निर्धारित की गई । इकाई व्दारा वर्ष 2005—06 में जमा किये गये मध्य प्रदेश वाणिज्यिक कर एवं केन्द्रीय विक्रय कर की कुल जमा राशि रूपये 52,08,873/—(रू. बावन लाख आठ हजार आठ सौ तिहतर हजार मात्र) का 75 प्रतिशत की इकाई के पात्रता अनुसार कुल निवेश संवर्धन सहायता राशि रूपये 39,06,654/—(रू. उन्चालीस लाख [illegible] सौ चौवन मात्र) समिति व्दारा अनुमोदित कर स्वीकृत की गई ।

6. एजेंडा क्रमांक 6 :— में प्रस्तुत उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना—2004 में दिनांक 31/03/2007 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत किन्तु इस दिनांक के पश्चात् औपचारिकताएं पूर्ण करने वाली औद्योगिक इकाईयों एवं दिनांक 31/03/2007 के पश्चात् एम.पी. ट्रायफेक में प्राप्त प्रकरणों के पंजीयन के संबंध में राज्य शासन व्दारा जारी परिपत्र क्रमांक राज्य शासन वाणिज्य उद्योग और रोजगार विभाग व्दारा जारी पत्र क्रं. एफ—20—63/2005/बी/ग्यारह भोपाल, दिनांक 21/08/2007 के अनुसार लंबित प्रकरणों का निराकरण करने संबंधी निर्णय लिया गया ।

उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त हुई।

(प्रवीण गर्ग)
प्रबंध संचालक,
म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमिटेड एवं सदस्य सचिव राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति

(अवनि वैश्य)
प्रमुख सचिव
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति

(4)

परिशिष्ट

विषय : राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की पॉचवी बैठक दिनांक 24/08/2007 में उपस्थित अधिकारियों की सूची ।

राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की पॉचवी बैठक दिनांक 24/08/2007 को श्री अवनि वैश्य, प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वाणिज्य,उद्योग और रोजगार विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

उपस्थित सदस्य

1. श्री अशोक दास, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग — सदस्य
2. श्री दीपक खाण्डेकर, उद्योग आयुक्त, मध्य प्रदेश — सदस्य
3. श्री पी.के. दास, आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर मध्य प्रदेश — सदस्य
4. श्री प्रवीण गर्ग, प्रबन्ध संचालक, एम.पी.एस.आई.डी.सी. एवं एम.पी. ट्राइफेक — सदस्य सचिव.

उपस्थित अन्य अधिकारीगण

1. श्री सतीश पेंढ़ारकर, महाप्रबन्धक, एम.पी.ट्राइफेक, भोपाल ।